inTouch
Women's Legal Centre

# आर्थिक सहायता योजना (Financial Assistance Scheme, FAS): दस्तावेज़ जिनकी आपको आवश्यकता पड़ सकती है

**आर्थिक सहायता योजना (FAS) के लिए आवेदन करते समय सहायक दस्तावेज़ शामिल करें, जैसे कि उन वस्तुओं की रसीदें या क्वोट्स (अनुमानित मूल्य) जिनके लिए आपने पहले ही भुगतान कर दिया है या जिनकी आपको भविष्य में ज़रूरत पड़ेगी।**

| यदि आप क्लेम करना चाहते/ती हैं: | आपको यह प्रदान करना होगा : |
|---|---|
| **पात्रता दस्तावेज़** | ☐ पुलिस रिपोर्ट, या यदि कोई पुलिस रिपोर्ट उपलब्ध नहीं है, तो 'FAS Statutory declaration template for victims – Police reporting' फॉर्म पूरा करें<br>☐ कोई प्रासंगिक कानूनी या अदालती दस्तावेज़, जैसे कि इंटरवेन्शन ऑर्डर और कोई वैधानिक घोषणाएँ<br>☐ कोई दस्तावेज़, जो अपराध के कारण प्राप्त अन्य भुगतानों से सम्बन्धित हों (जैसे कि WorkCover, या Centrelink भुगतान)<br>☐ पहचान दस्तावेज़ (अग्रलिखित में से दो हो सकते हैं: ड्राइवर्स लाइसेंस, जन्म प्रमाण-पत्र, नागरिकता प्रमाण-पत्र, मेडिकेयर कार्ड, इम्मीकार्ड, विदेशी पासपोर्ट जिसपर ऑस्ट्रेलियाई वीज़ा लगा हो)। |
| **चिकित्सीय खर्च** | ☐ डॉक्टर की ओर से इलाज के बारे में पत्र, जो आपने करवाया है या जिसकी आपको भविष्य में आवश्यकता होगी और उसका कारण<br>☐ चिकित्सीय इलाज, दवा या चिकित्सीय उपकरणों के लिए रसीदें या क्वोट्स (अनुमानित शुल्क) |
| **आमदनी में नुकसान** | ☐ पूर्व आय के प्रमाण, जैसे कि पुरानी पे स्लिप, बैंक स्टेटमेंट, कांट्रेक्ट या टैक्स रिटर्न्स<br>☐ डॉक्टर या मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर की ओर से रिपोर्ट या पत्र, जो काम न कर पाने की क्षमता की स्थिति से सम्बन्धित हो<br>☐ अतिरिक्त सहायक प्रमाण प्रदान किया जा सकता है, जैसे कि वर्तमान कार्य-नियोक्ता की ओर से पत्र या वैधानिक घोषणा। |
| **सलाह-मशविरे से जुड़े खर्चे** | ☐ भुगतान किए गए शुल्कों की रसीद या इन्वॉइस, या कोई क्वोट (अनुमानित मूल्य), प्रदाता शुल्क का स्क्रीनशॉट या पत्र<br>☐ मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर या सामाजिक कार्यकर्ता की ओर से पत्र को एक सहायक प्रमाण के तौर पर प्रदान किया जा सकता है। |
| **सुरक्षा-सम्बन्धित खर्च** | ☐ सुरक्षा से जुड़े खर्चों का विवरण देने वाली रसीदें या क्वोट्स (अनुमानित मूल्य), जैसे कि लॉकस्मिथ या सिक्योरिटी कैमरा, आवासीय और स्थानांतरण खर्च। |
| **हिंसक कृत्य के समय पहने हुए कपड़े** | ☐ नए कपड़े आदि लेने के कारण हुए खर्चों की रसीदें, इन्वॉइस या क्वोट्स (अनुमानित मूल्य) या यदि ये उपलब्ध नहीं हैं, तो नए कपड़े आदि लेने हेतु किए गए भुगतानों की वैधानिक घोषणा<br>☐ हिंसा के समय पहने गए कपड़ों का विवरण देने वाला एक बयान और कपड़ों की कोई तस्वीर, या पहने गए कपड़ों का विवरण देने वाली एक वैधानिक घोषणा। |
| **रिकवरी (बहाली) सम्बन्धित खर्च** | ☐ डॉक्टर या मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर की ओर से रिपोर्ट या पत्र, जिसमें रिकवरी (बहाली) से जुड़े खर्चों की आवश्यकता और इस बात का विवरण हो कि असाधारण परिस्थितियाँ क्यों मौजूद हैं<br>☐ भावनात्मक, शारीरिक या मानसिक रिकवरी (बहाली) में सहायता के लिए हुए खर्चों की रसीदें, इन्वॉइस या क्वोट्स (अनुमानित मूल्य), जैसे स्वतंत्रता और कल्याण के लिए समर्थनकारी गतिविधियाँ |
| **विशेष आर्थिक सहायता** | ☐ हिंसा के कारण आपके स्वास्थ्य, कल्याण, वित्त या रोजगार पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव दर्शाने वाला कोई प्रमाण (जैसे गंभीर प्रकृति का शारीरिक नुकसान)। चिकित्सा या रिकवरी (बहाली) के खर्चों के प्रमाण पर विचार किया जाएगा। |

इस प्रकाशन में शामिल सामग्री केवल सामान्य मार्गदर्शिका है। यह कानूनी सलाह नहीं है। कृपया अपनी विशिष्ट परिस्थिति के बारे में कानूनी सलाह लें।

inTouch
Multicultural Centre Against Family Violence

इनके द्वारा निर्मित inTouch
admin@intouch.org.au | intouch.org.au
फरवरी 2025

inTouch Multicultural Centre Against Family Violence को विक्टोरिया सरकार की ओर से गर्वपूर्वक समर्थन प्राप्त है।

VICTORIA State Government